भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में सहयोग किया है और मित्रता निभाई है -

लोक सभा अध्यक्ष

कैंप वेलिंगटन, 21 सितम्बर, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन जो भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही हैं, ने आज वेलिंगटन में भारतीय समुदाय के लोगों को बताया कि विश्व के अन्य देशों के साथ भारत के संबंध केवल आयात-निर्यात तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में सहयोग किया है और मित्रता निभाई है। इस अवसर पर श्रीमती महाजन ने कहा कि न्यूज़ीलैंड में भारतीय समुदाय के लोगों ने मेजबान देश के समाज और अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान से न केवल अपना बल्कि मातृभूमि अर्थात भारत का भी मान बढ़ाया है। न्यूज़ीलैंड में भारतीय मूल के लोग वहां की कुल जनसंख्या का मात्र 6 प्रतिशत हैं, किन्तु वे भारत के दूत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारत के मैत्री, शान्ति और सबकी खुशहाली के शाश्वत सन्देश का प्रचार प्रसार भी करते हैं। उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों से आग्रह किया कि वे भारत के शुभचिंतक होने के साथ साथ भारत और न्यूज़ीलैंड के हितों को बढ़ावा देने की दोहरी जिम्मेदारी निभाएं।

श्रीमती महाजन ने कहा कि लोकतंत्र, क्रिकेट और भारतीय समुदाय ऐसे तीन मुख्य स्तम्भ हैं जिन पर भारत और न्यूज़ीलैंड के संबंध टिके हुए हैं । न्यूज़ीलैंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत भारतीय छात्रों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा जोश से भरे हैं और इस प्रकार द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने न्यूज़ीलैंड में रह रहे और पढ़ रहे सभी भारतीय छात्रों से आग्रह किया कि वे कड़ी मेहनत करें और अपने अपने क्षेत्रों में सार्थक योगदान करें।

यह टिप्पणी करते हुए कि वह भारत की संसद के मित्र शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही हैं, श्रीमती महाजन ने यह भी कहा कि शिष्टमंडल ने न्यूज़ीलैंड में सांसदों, प्रतिनिधियों और सभी व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों से बातचीत की है। वर्तमान दौरे के सन्देश को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दिलों को जीतने में विश्वास रखता है क्योंकि भारत सबसे बड़ा कार्यशील लोकतंत्र है जिसकी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में पूर्ण आस्था है। भारतीय जहाँ भी जाते हैं और रहते हैं, उस देश की उन्नति और खुशहाली के लिए खुद को समर्पित कर देते हैं। तथापि इस बात पर भी जोर दिए जाने की जरूरत है कि जिस देश में वे रह रहे हैं, उनके कल्याण और प्रगति के प्रति पूरी तरह से समर्पित होने के बावजूद सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना में उनका अटल विश्वास देशों की सीमाओं से परे है। श्रीमती महाजन ने न्यूज़ीलैंड में रह रहे भारतीयों से आग्रह किया कि वे दोनों देशों के बीच स्थायी सेतु के रूप में कार्य करें। उन्होंने सभी प्रवासी भारतीयों को मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया आदि जैसे भारत के प्रमुख कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करने और इन्हें सफल बनाने में अपना योगदान करने का अनुरोध किया।

वेलिंगटन के भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित उपर्युक्त कार्यक्रम में भारतीय मूल के न्यूज़ीलैंड के संसद सदस्य, श्री महेश बिंद्रा और श्रीमती परमजीत परमार भी उपस्थित थे। न्यूज़ीलैंड में भारत के उच्चायुक्त, श्री संजीव कोहली ने भारतीय शिष्टमंडल के सदस्यों का परिचय कराया। भारतीय संघ के सदस्यों ने पंजाबी, गुजराती और मराठी नृत्य की प्रस्तुति की।